दिन— मंगलवार दिनांक— 02 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधि— 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा— तीन नए आपराधिक कानून देश में अत्याधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित करेंगे।

02. केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में मजबूत तंत्र विकसित करने के लिए विद्यार्थियों और अभिभावकों से सुझाव मांगे।

03. मॉनसून की सक्रियता से प्रदेशभर में बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज जमुई, लखीसराय, बांका और पटना समेत तेरह जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

04. और, नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में हो रही बारिश के कारण उत्तर बिहार की प्रमुख नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी। पूर्णिया में महानंदा और अररिया में परमान नदी खतरे के निशान के पार।

**अब समाचार विस्तार से.........**

————————————————————————

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि तीन आपराधिक कानून देश में आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा कि आपराधिक न्याय प्रणाली अब पूरी तरह से स्वदेशी है और आजादी के बाद भारतीय लोकाचार में अंतर्निहित है। श्री शाह कल नई दिल्ली में तीन नए आपराधिक कानूनों के बारे में जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि नये कानून त्वरित न्याया और पीड़ितों के अधिकार सुनिश्चित करेंगे। गृह मंत्री ने कहा कि इससे पहले, केवल पुलिस के अधिकारों की रक्षा की जाती थी, लेकिन अब पीड़ितों और शिकायतकर्ताओं के अधिकारों की भी रक्षा होगी। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने देश विरोधी गतिविधियों के खिलाफ नए प्रावधानों के साथ राजद्रोह कानून को समाप्त कर दिया है।

———बाईट———

राजद्रोह एक ऐसा कानून था जो अंग्रेजों ने अपने शासन की रक्षा के लिए बनाया ,राजद्रोह को हमने जड से समाप्त कर दिया है और देश विरोधी हरकतों के लिए नई धारा लेकर आए हैं। पहले सरकार के खिलाफ स्टेटमेंट देना गुनाह था। अब भारत की एकता और अखंडता को छतिग्रस्त करने के लिए यह कानून अमल में आएगा।

गृह मंत्री ने यह भी बताया कि सामूहिक दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध के लिए अब बीस वर्ष की कैद या आजीवन कारावास की सजा होगी। उन्होंने कहा कि नाबालिग से दुष्कर्म के लिए मौत की सजा दी जाएगी। श्री शाह ने बताया कि नए कानूनों में पीड़िता

के बयान उसके घर पर महिला अधिकारियों और उसके अपने परिवार की उपस्थिति में दर्ज करने का भी प्रावधान है। श्री शाह ने बताया कि नए कानूनों में भीड की हिंसा के विरूद्ध भी प्रावधान है।

———बाईट———

सालों से देशभर में मॉब लिंचिंग के अपराध के लिए कानून में कोई प्रावधान नहीं था। प्रावधान करने की मांग होती थी। पहली बार मॉब लिंचिंग को परिभाषित किया गया है। नस्ल, जाति, समुदाय, लिंग, जन्मस्थान, भाषा और अन्य कारणों से जो मॉब लिंचिंग होता है। इसमें सात वर्ष के कारावास से लेकर मृत्यु की सजा और आजीवन कारावास तक इसके अंदर जोडा गया है।

गृह मंत्री ने कहा कि विपक्ष इन कानूनों के बारे में गलत जानकारी फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन कानूनों पर लोकसभा में नौ घंटे से अधिक और राज्यसभा में छह घंटे से अधिक चर्चा हुई और बड़ी संख्या में विपक्षी नेताओं ने इसमें भाग लिया।

————————————————————————

संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा आज भी जारी रहेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज लोकसभा में चर्चा का जवाब दे सकते हैं। इससे पहले कल लोकसभा में चर्चा की शुरूआत करते हुए भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने पिछले दस वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में सरकार द्वारा की गई पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि लोगों के कल्याण और अर्थव्यवस्था की वृद्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा कई कदम उठाए गए हैं। चर्चा में भाग लेते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं, अग्निवीर योजना, मणिपुर में अशांति, नोटबंदी, बढ़ती महंगाई और किसानों के जुड़े मुद्दे उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि नीट परीक्षा गरीबों की मदद के लिए नहीं बल्कि अमीरों को फायदा पहुंचाने के लिए बनाई गई है। अपने भाषण के दौरान राहुल गांधी ने एक खास समुदाय पर टिप्पणी की जिस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने आपत्ति जताई। प्रधानमंत्री ने कहा, किसी खास समुदाय को हिंसक कहना बहुत गंभीर मामला है। गृह मंत्री ने आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए राहुल गांधी से माफी की मांग की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों को बोलते समय सदन की पवित्रता बनाए रखने का निर्देश दिया। बाद में, श्री गांधी ने स्पष्ट किया कि उनका बयान किसी विशेष समुदाय के खिलाफ नहीं था बल्कि यह भाजपा की ओर निर्देशित था। केंद्रीय पंचायती राज मंत्री और जेडीयू नेता राजीव रंजन सिंह ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि लोकसभा में उनका भाषण उनके चुनाव प्रचार भाषण के समान था। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान संविधान को कमजोर करने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने कहा, लोगों ने कांग्रेस को खारिज कर दिया है और

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा, सरकार आने वाले वर्षों में गरीबों के लिए तीन करोड़ घर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा, पीएम किसान सम्मान निधि के जरिए किसानों को बीस हजार करोड़ रुपये दिए गए हैं।

---

केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, एनटीए में मजबूत तंत्र विकसित करने के लिए विद्यार्थियों और अभिभावकों से सुझाव और प्रतिक्रिया मांगी हैं। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से परीक्षा प्रक्रिया में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी की संरचना और कार्यप्रणाली पर सुझाव और विचार मांगे हैं। सुझाव सात जुलाई तक भेजे जा सकते हैं।

---

केन्द्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली में पारिवारिक पेंशनभोगियों की शिकायतों के निवारण के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने पारिवारिक पेंशनभोगियों की शिकायतों के निपटारे के लिए सौ दिनों की कार्य योजना शुरू की है। इसी के तहत एक माह का विशेष अभियान इकतीस जुलाई तक चलेगा। इस अभियान में छियालीस मंत्रालय और विभाग भाग ले रहे हैं।

---

संघ लोक सेवा आयोग, यूपीएससी ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा दो हजार चौबीस के परिणाम घोषित कर दिए हैं। उत्तीर्ण हुए उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा के लिए विस्तृत आवेदन डीएएफ–वन, में फिर से आवेदन करना होगा। डीएएफ–वन को भरने और इसे जमा करने की तारीखें और इससे संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश आयोग की वेबसाइट पर घोषित किए जाएंगे। प्रारंभिक परीक्षा के अंक, कट ऑफ मार्क्स और उत्तर सूची आयोग की वेबसाइट पर सिविल सेवा परीक्षा और भारतीय वन सेवा परीक्षा की पूरी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अपलोड किए जायेगे।

---

उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा है कि बिहार में पर्यटन, उद्योग और अन्य क्षेत्रों में निवेश की काफी संभावना है। कोलकाता में आयोजित बिहार इन्वेस्टर मीट में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों के लिए हर तरह की सहूलियत उपलब्ध करा रही है। श्री मिश्रा ने कहा कि विभिन जगहों पर आयोजित किये जा रहे इन्वेस्टर मीट से बिहार के प्रति निवेशकों की रूचि बढ़ रही है और वे निवेश करने के लिए आगे आ रहे हैं।

————————————————————————————

पूरे प्रदेश में मॉनसून सक्रिय बना हुआ है। इसके प्रभाव से राज्य के अधिकतर भागों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज राजधानी पटना समेत तेरह जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने इस अवधि में जमुई, लखीसराय और बांका जिले में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, शेखपुरा, नालंदा, मुंगेर, पटना, गोपालगंज, सीवान, जहानाबाद, अरवल, बक्सर और भोजपुर जिले में एक दो स्थानों पर भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर आंधी और वज्रपात की भी आशंका है। इधर, आपदा प्रबंधन विभाग ने वज्रपात की आशंका को देखते हुए लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में सर्वाधिक बानवे दशमलव दो मिलीमीटर बारिश अररिया जिले के रानीगंज में दर्ज की गयी। मौसम विभाग ने जुलाई माह के मौसम पूर्वानुमान में राज्य में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना व्यक्त की है। हालांकि इस अवधि में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। इधर, राजधानी पटना समेत आस–पास के क्षेत्रों में आज सुबह से ही रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है।

————————————————————————————

प्रदेश में पिछले अड़तालीस घंटों के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गयी है। औरंगाबाद में दो और बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भागलपुर तथा दरभंगा में एक–एक व्यक्ति की मौत हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को चार–चार लाख रूपये का अनुग्रह अनुदान दिये जाने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने लोगों से खराब मौसम के दौरान घर से नहीं निकलने और सतर्कता बरतने का आग्रह किया है।

————————————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में हो रही बारिश के कारण उत्तर बिहार की प्रमुख नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। कई नदियां उफान पर हैं। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार महानंदा और परमान नदी खतरे के निशान को पार कर गयी है। महानंदा नदी पूर्णियां के ढेंगराघाट में खतरे के निशान से दो सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। वहीं, परमान नदी का जलस्तर अररिया में खतरे के निशान से चौवन सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। हालांकि नदी के जलस्तर में कमी देखी जा रही है। वहीं, गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरियाघाट में चेतावनी स्तर को पार कर गया है। गंगा नदी के जलस्तर में पटना के दीघा घाट से भागलपुर तक लगातार बढ़ोतरी जारी है। इधर, हमारे सीतामढ़ी संवाददाता ने बताया है कि जिले में बागमती और अधवारा समूह की नदियां उफान पर है। बागमती नदी सोनाखान और रून्नीसैदपुर के कटौझा में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, जबकि अधवारा नदी सुंदरपुर में खतरे के निशान को पार कर गई है। इससे निचले इलाकों में जलभराव हो रहा है। वहीं, सुपौल जिले में भी कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी देखी जा रही है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि कल शाम तक कोसी बाराज से एक लाख पचहत्तर हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया। वहीं, नेपाल के बराह क्षेत्र में एक लाख सत्तर हजार क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज किया गया। पानी के उतार चढ़ाव को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है।

—————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप कुमार जयसवाल ने कहा है कि भ्रष्ट अंचलाधिकारी, सीओ और राजस्व अधिकारी, आरओ की अवैध संपत्ति जब्त की जायेगी। उन्होंने कहा कि विभाग भ्रष्ट अधिकारियों की संपत्ति का जांच भी करायेगा।

—————————————————————

सुपौल एसएसबी पैंतालीसवीं बटालियन की सीमा चौकी पिपराही और बिहार पुलिस के संयुक्त छापेमारी दल ने सड़सठ किलोग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

—————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा को तरजीह दी है।

**हिन्दुस्तान** ने इस खबर का शीर्षक लगाया है– मोदी–राहुल के बीच संसद में पहली बार जुबानी जंग।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है– सदस्यता अभियान से भाजपा करेगी चुनावी शंखनाद।

**दैनिक भास्कर** ने नीट–यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई की कार्रवाई से जुड़ी खबर का शीर्षक लगाया है– पेपर लीक कराने वालों के रिश्तेदारों के खातों– संपत्तियां जांचेगी सीबीआई।

**प्रभात खबर** ने नए कानून के लागू होने के बाद प्राथमिकी दर्ज होने के मामले में लिखा है– गया जीआरपी में दर्ज की गयी पहली एफआईआर।

**राष्ट्रीय सहारा** की सुर्खी है– शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने प्राथमिक स्कूल का किया औचक निरीक्षण।

**आज** अखबार की सुर्खी है– बीपीएससी के अध्यक्ष के समान धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष को मिलेगा वेतन।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा– तीन नए आपराधिक कानून देश में अत्याधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित करेंगे।

02. केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में मजबूत तंत्र विकसित करने के लिए विद्यार्थियों और अभिभावकों से सुझाव मांगे।

03. मॉनसून की सक्रियता से प्रदेशभर में बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज जमुई, लखीसराय, बांका और पटना समेत तेरह जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

04. और, नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में हो रही बारिश के कारण उत्तर बिहार की प्रमुख नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी। पूर्णिया में महानंदा और अररिया में परमान नदी खतरे के निशान के पार।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।